## न्यूज़ ट्रैक....

### प्रो हॉकी लीग: भारत और नीदरलैंड की महिला टीमों के बीच अब अगले माह होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम अब अगले माह अप्रैल में एफआईएच प्रो लीग हॉकी मुकाबले में नीदरलैंड से खेलेगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय महिला टीम भुवनेश्वर में 8 और 9 अप्रैल को एफआईएच प्रो लीग के 'डबल-हेडर' मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड का सामना करेगी। पहले यह मुकाबले 19 और 20 फरवरी को होने थे पर उस समय देश में कोरोना संक्रमण के हालातों को देखते हुए नीदरलैंड ने मैचों का कार्यक्रम आगे बढ़ाने की अपील की थी जिसे हॉकी इंडिया ने मान लिया था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने कहा, 'हम नीदरलैंड की राष्ट्रीय महिला टीम का अप्रैल में भारत में स्वागत करने को लेकर उत्सुक हैं। भारतीय टीम की खिलाड़ी विश्व की नंबर एक टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है।' इससे पहले दोनों टीमों ही टीमों को 19 और 20 फरवरी को एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले खेलने थे पर गत चैंपियन नीदरलैंड ने देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की थी जिससे इन्हें स्थगित कर दिया गया था।

### नडाल को हराकर फिट्ज बने इंडियन वेल्स चैम्पियन

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने स्पेन के राफेल नडाल को हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब जीत लिया है। नडाल को फाइनल में फ्रिट्ज ने सीधे सेटों में आसानी से हरा दिया। इसी के साथ ही इस साल नडाल को पहली बार हार का सामना करना पड़ा है। मैच के दौरान नडाल को इलाज के लिए कोर्ट से बाहर भी जाना पड़ा। वहीं कोर्ट पर वापसी के बाद नडाल अधिक सहज दिखे पर फ्रिट्ज ने इसके बाद भी 6-3 7-6 (7-5) से जीत दर्ज कर ली। इसी के साथ ही फ्रिट्ज साल 2001 में आंद्रे अगासी के बाद इंडियन वेल्स में जीत हासिल करने वाले पहले अमरीकी खिलाड़ी बने हैं। जीत से उत्साहित होकर फ़्रिट्ज ने कहा, यह उन बचपन के सपनों में से एक है, जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि यह सच होगा।

### दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। दक्षिण अफ्रीका की जीत में तेज गेंदबाज कैसिगो रबाडा की अहम भूमिका रही। रबाडा ने 39 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की ओर से अफीफ हुसैन ने 72 और मेहदी हसन मिराज ने 38 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के काफी प्रयास किये पर वह नाकाम रहे।

# आईसीसी महिला विश्व कपः बांग्लादेश पर जीत के इरादे से उतरी भारतीय टीम



**हैमिल्टन।** आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम का मुकाबला मंगलवार को बांग्लादेश से होगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम का विश्वकप का सफर अब तक मिला-जुला रहा है। उसने शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था पर उसे दूसरे ही मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दोनों मैचों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम अब तक प्रदर्शन में निरंतरत नहीं दिखा पायी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजों ने अच्छा खेल दिखाया पर गेंदबाज नाकाम रहे। इसी कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के बल्लेबाज बेहद कम रन ही बना पाये। भारतीय टीम ने पिछले मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की जगह शैफाली वर्मा को अवसर दिया था पर इससे कोई लाभ नहीं हुआ। ऐसे में माना जा रहा है कि इस अहम मैच के लिए शैफाली को प्रवेश मिलेगा। शैफाली के बाहर रहने पर यास्तिका भाटिया ने स्मृति मंधाना के साथ पारी शुरु की थी। वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर के लय में होने से टीम को लाभ होगा। तक उपयोग नहीं किया गया है।

कप्तान मिताली राज के फार्म हासिल करने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है। वहीं अनुभवी मंधाना से भी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम के पास गेंदबाजी में झूलन गोस्वामी और राजेश्वरी गायकवाड़ जैसी खिलाड़ी है। इसके अलावा पूनम यादव, आलराउंडर स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर ने भी अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रकार देखा जाये तो हर लिहाज से भारतीय टीम बांग्लादेश पर भारी है। इसके बाद भी भारतीय टीम को इस मैच में कोई गलती नहीं करनी होगी। दूसरी और बांग्लादेश की बात करें तो वह भी इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में टीम लक्ष्य हासिल करने के दौरान लड़खड़ा गयी थी जिससे उसका मनोबल गिरा है। उसकी गेंदबाजी अच्छी है पर बल्लेबाजी कमजोर है जिसे उसे बेहतर करना होगा।

## दिल्ली कैपिटल्स के खिताब जीतने की संभावनाएं बेहद कम : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस साल दिल्ली कैपिटल्स टीम के खिताब जीतने की काफी कम संभावनाएं हैं। इससे पहले साल 2021 में टीम



प्लेआफ में पहुंची थी पर इस बार उसके कई खिलाड़ी बदल गये हैं। कप्तान ऋषभ पंत सहित पिछले सत्र के केवल चार खिलाड़ियों को ही बरकार रखा गया है। इस कारण एक प्रकार से टीम नई हो गयी है। चोपड़ा ने कहा कि अगर दिल्ली की टीम इस सत्र में प्लेऑफ तक नहीं पहुंच पाती है तो उन्हें हैरान नहीं होगी। चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली को अपना पहला मैच मजबूत टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 मार्च को खेलना है। आकाश ने कहा कि मैं दिल्ली को लेकर थोड़ा चिंतित हूं और वो अपने पहले तीन लीग मैचों में से दो आसानी से हार सकते हैं हालांकि ऐसी भी संभावना है कि वो पहले तीन में से तीन मैच भी हार सकते हैं, लेकिन आप ऐसा नहीं कह सकते। हो सकता है कोई एक खिलाड़ी दिल्ली को जीत दिला दे पर एक टीम के तौर पर इससे मनोबल नहीं बढ़ता है। चोपड़ा को नये खिलाड़ी रोवमैन पावेल के अलावा भरत और सरफराज खान से भी विशेष प्रदर्शन की उम्मीद नहीं है। साथ ही कहा कि कुलदीप यादव भी पहले की तरह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा उन्हें खलील अहमद और चेतन सकारिया से भी ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं। इसी कारण टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है।



बेलग्रेड में सर्बिया की इवाना वेलूटा महिलाओं की लंबी कूद मुकाबले में भाग लेती हुई।

## नई संभावनाएं देखने छोड़ी पंजाब किंग्स : राहुल




**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा है कि उन्होंने नई संभावनाएं तलाशने और अपनी क्षमताएं पता करने के लिए ही टीम का साथ छोड़ा है। पंजाब टीम राहुल को नये सत्र के लिए बनाये रखना चाहती थी पर इस खिलाड़ी ने मेगा नीलामी में जाने का फैसला किया। नीलामी में राहुल को नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजाइंटस ने 17 करोड़ रुपए में खरीदा है। इसके अलावा उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया है। राहुल ने पंजाव का साथ छोड़ने को लेकर कहा कि वह देखना चाहते थे कि आगे क्या किया जा सकता है। राहुल ने कहा ÷मैं पंजाब टीम के साथ चार साल से था और मैंने उनके साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं बस यह देखना चाहता था कि मेरे लिए आगे क्या है। यह फैसला आसान नहीं था क्योंकि मैं पिछले काफी समय से लंबे समय से पंजाब से जुड़ा हुआ था। मैं देखना चाहता था कि क्या मैं कुछ और कर सकता हूं।÷ वहीं पंजाब किंग्स के कोच अनिल कुंबले ने बताया था कि वह राहुल को रिटेन करना चाहते थे पर राहुल ने इंकार कर दिया। वह स्वयं ही नीलामी में शामिल होना चाहते थे। इस कारण टीम ने भी उनके फैसले का सम्मान किया। पंजाब किंग्स की ओर से राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है। पिछले चार सत्र में उन्होंने 659, 593, 670 और 626 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल 2020 में ऑरेंज कैप भी जीती थी। अब राहुल लखनऊ सुपर जाइंट्स की ओर से भी इसी प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। लखनऊ की टीम आईपीएल के इस 15 वें सत्र में 28 मार्च को दूसरी नई टीम गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

## व्यापार न्यूज

### गिरावट के दौर में निफ्टी मेटल ने किया बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अच्छे वैश्विक संकेतों के कारण सोमवार को मुख्य इंडेक्स तेजी के साथ खुले। निफ्टी करीब 42 अंक चढ़कर खुला, लेकिन बाद में इस पर बिकवाली का दबाव देखने को मिला। आखिर में निफ्टी करीब 0.98 फीसदी गिरकर 17117.60 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप ने भी अपनी सुबह की तेजी गंवा दी। सभी सेक्टर के इंडेक्स बंद होते-होते गिरावट में पहुंच गए। निफ्टी मेटल ने अन्य इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया, और करीब 1.5 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। हालांकि, अधिकतर सेक्टर जैसे एफएमसीजी, बैंक, ऑटो में तगड़ी बिकवाली देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर गिरते बाजार में कुछ स्टॉक्स ने शानदार रिकवरी की है, वहां भी अपने निचले लेवल से। निचले स्तर से अचानक तेजी आने का मतलब है, कि इन शेयरों में आने वाले सत्र में भी तेजी देखने को मिल सकती है।

### गडग ट्रांसमिशन परियोजना रिन्यू वेंचर्स को सौंपी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी की इकाई आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लि. ने परियोजना केंद्रित विशेष उद्देश्यीय इकाई गडग ट्रांसमिशन रिन्यू ट्रांसमिशन वेंचर्स को सौंप दी है। रिन्यू ट्रांसमिशन वेंचर्स ने आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लि. (आरईसीपीडीसीएल) की बोली प्रक्रिया के तहत गडग ट्रांसमिशन परियोजना हासिल की है। कंपनी ने कहा, ''आईसीसी लि. की पूर्ण अनुषंगी आरईसीपीडीसीएल ने परियोजना केंद्रित विशेष उद्देश्यीय इकाई रिन्यू ट्रांसमिशन वेंचर्स प्राइवेट लि. को 17 मार्च, 2022 को सौंप दिया। यह इकाई कर्नाटक के गडग में सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिये पारेषण योजना (2,500 मेगावॉट) के लिए बनी थी। आरईसीपीडीसीएल ने बोली प्रक्रिया समन्वयक की भूमिका निभायी और सफलतापूर्वक बिजली मंत्रालय की अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना रिन्यू ट्रांसमिशन वेंचर्स को सौंपी। सफल बोलीदाता का चयन शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के द्वारा किया गया।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने पुणे टाउनशिप में 1,002 करोड़ के घर बेचे

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित टाउनशिप में चालू वित्त वर्ष में अब तक 1,002 करोड़ रुपए के घर बेचे हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि पुणे के महालुंगे में टाउनशिप परियोजना रिवरहिल्स में चालू वित्त वर्ष में 1,002 करोड़ रुपए की बिक्री हुई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में इस टाउनशिप परियोजना में 1,550 से अधिक घर बेचे हैं जो 15 लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैले हैं। टाउनशिप के पहले चरण की शुरुआत 2019 में हुई थी तब से जीपीएल ने 3,600 से अधिक घर बेचे हैं जो 34 लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैले हैं और इनका बुकिंग मूल्य 2,100 करोड़ रुपए से अधिक है।

### हेटेरो को स्पूतनिक लाइट के विनिर्माण और बिक्री की मंजूरी मिली

**हैदराबाद।** दवा कंपनी हेटेरो की बायोलॉजिक्स इकाई को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से कोविड-रोधी टीके स्पूतनिक लाइट के भारत में सीमित आपात इस्तेमाल को विनिर्माण एवं बिक्री की मंजूरी मिली है। कंपनी ने कहा कि हेटेरो भारत की ऐसी पहली बायोफार्मास्युटिकल कंपनी है, इस स्थानीय स्तर पर कोविड-रोधी उत्पाद के लिए विनिर्माण और विपणन (एमएंडएम) मंजूरी मिली है। स्पूतनिक लाइट केवल एक खुराक वाला टीका है, जबकि भारत में और जिन टीकों को मंजूरी मिली है, उनकी दो खुराक दी जाती है। हेटेरो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख ने कहा, स्पूतनिक लाइट से कोरोना के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बनती हैं। यह ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ भी कारगर है।''

# कच्चे तेल की कीमत दो डालर उछली




### ब्रेंट क्रूड वायदा 1.96 डॉलर चढ़कर 109.89 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

**वॉशिंगटन।** कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को 2 डॉलर की बढ़ोतरी देखी गई है क्योंकि यूक्रेनी सेना ने रूसी हमलों के खिलाफ रक्षात्मक स्थिति अपनाई और वहीं दूसरी ओर प्रमुख तेल उत्पादकों ने बताया कि वह आपूर्ति समझौते के तहत अपने आवंटित कोटा का उत्पादन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ब्रेंट क्रूड वायदा 1.96 डॉलर या 1.8 फीसदी चढ़कर 109.89 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। इसमें शुक्रवार को भी 1.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी। यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 2 फीसदी बढ़कर 106.79 डॉलर हो गया। इसमें भी बीते शुक्रवार को 1.7 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी। कीमतों में बढ़ोतरी तब हुई जब सोमवार सुबह यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री इरिना वर्शचुक ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि देश की सेना पूर्वी बंदरगाह वाले शहर मारियो पोल में आत्मसमर्पण करेंगी। एएनजेड के विश्लेषकों ने कहा कि बाजार आपूर्ति में व्यवधान के बारे में चिंतित है, डेटा के अनुसार वह पहले से ही प्रभावित हो रहा है। रूस सहित पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और सहयोगियों (ओपेक प्लस) की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ उत्पादक अभी भी अपने सहमत आपूर्ति कोटा को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ओपेक प्लस देशों का फरवरी में अपने उत्पादन लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए। इसमें एक मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से अधिक की कमी रही। तीन सूत्रों ने रॉयटर्स को यह जानकारी दी।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी बड़ी खबर, दिवालिया कंपनी को खरीदने का प्रपोजल मंजूर




**मुंबई।** सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के लिए रिलायंस का प्रस्ताव मंजूर हो गया है। कंपनी को कर्ज देने वालों ने दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कर्ज में डूबी कपड़ा फर्म का अधिग्रहण करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज की संयुक्त बोली को मंजूरी दे दी है। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज की लेनदारों की समिति (सीओसी) ने सर्वसम्मति से रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसीआरई के पक्ष में मतदान किया।इसकी जानकारी कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में दी। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक एसेट केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की योजना के अनुसार यह प्रस्तावित है, कि कंपनी की मौजूदा शेयर पूंजी को शून्य कर दिया जाएगा। इसके साथ कंपनी को स्टॉक एक्सचेंजों यानि बीएसई और एनएसई से हटा दिया जाएगा। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज को वेलस्पन ग्रुप की फर्म इजीगो टेक्सटाइल्स, जीएचसीएल और हिम्मतसिंग्का वेंचर्स के साथ-साथ श्रीकांत हिम्मतसिंगका और दिनेश कुमार हिम्मतसिंगका से भी बोलियां मिली हैं और उन्हें मतदान प्रक्रिया के दौरान विचार के लिए सीओसी के सामने रखा गया था। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के खिलाफ दिवाला कार्रवाई पिछले साल अप्रैल में शुरू की गई थी।

## स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप के बढ़ सकते हैं दाम



**नई दिल्ली।** कोरोना के फिर से बढ़ते मामलों का असर स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों पर देखने को मिल सकता है। कोरोना संक्रमण के चलते चीन के कई शहरों में फिर से लॉकडाउन लगाया गया है। चीन के टेक हब शेनझेन क्षेत्र में कोरोना वायरस के मामलों में ताजा उछाल के बाद लॉकडाउन से टीवी, लैपटॉप और स्मार्टफोन की कीमतें बढ़ सकती हैं, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन के मुताबिक भारत के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आपूर्ति का लगभग 20 से 50 फीसदी तक चीन के शेनझेन से आता है। अगर कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन जैसे हालात फिर से पैदा होते हैं तो निश्चित रूप से इसका असर तमाम तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर देखने को मिलेगा. उत्पादों की लागत बढ़ रही है और बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अगर शेनझेन शहर में लॉकडाउन तीन सप्ताह या उससे अधिक के पार जाता है, तो यह जून तिमाही के साथ-साथ सितंबर तिमाही में स्मार्टफोन और पर्सनल कंप्यूटर के शिपमेंट को प्रभावित करेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के एक शोधकर्ता ने कहा है कि अगर लॉकडाउन 20 मार्च से आगे बढ़ता है तो कीमतें बढ़ना शुरू हो जाएंगी। स्मार्टफोन की कीमतें 5-7 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। बाजार के जानकार कहते हैं कि उत्पादों की कीमत और माल ढुलाई दरें पिछले एक साल में बढ़ी हैं।

# चालू वित्त वर्ष में एचडीएफसी बैंक ने 21,000 लोगों को जोड़ा

### मार्च 2022 तक 26,000 तक पहुंचने का अनुमान है




**मुंबई/इन्दौर।** एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 21,503 स्थायी कर्मचारियों की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 90% अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 के अंत तक यह संख्या 26,000 को पार करने का अनुमान है। पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में, बैंक ने 12,931 लोगों को जोड़ा था। स्टाफ की वृद्धि, फ्यूचर - रेडी योजना में उल्लिखित बैंक की रणनीति का हिस्सा है, जिसे 2021 में अनावरण किया गया था। योजना के अनुसार, 13,000 से अधिक लोगों को काम पर रखना बैंक के चार व्यापक वितरण चैनलों से उपजा है - ब्रांच बैंकिंग; टेली-सर्विस/बिक्री (वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर चैनल सहित); व्यापार कार्यक्षेत्र के साथ संरेखित बिक्री चैनल और डिजिटल मार्केटिंग। ये चैनल अर्ध-शहरी और ग्रामीण स्थानों सहित देश की लंबाई और चौड़ाई को कवर करते हुए बैंक को अंतिम मील तक पहुंचने की अनुमति देते हैं। ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के प्रयास के तहत बैंक इन चैनलों को बढ़ा रहा है।

शेष भर्तियां क्रेडिट कार्ड जैसे व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में होती हैं; खुदरा संपत्ति; वाणिज्यिक बैंकिंग (बिजनेस बैंकिंग); और सरकारी और संस्थागत व्यवसाय। योजना में उल्लिखित बैंक के प्रौद्योगिकी परिवर्तन एजेंडा के हिस्से के रूप में, इस वर्ष दो विशेष फोकस इकाइयां - एंटरप्राइज फैक्ट्री और डिजिटल फैक्ट्री भी बनाई गईं - ताकि प्रौद्योगिकी / डिजिटल कार्यों को समन्वित और एकीकृत किया जा सके। इस विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए, बैंक ने एक प्रतिभा अधिग्रहण रणनीति तैयार की है जो प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ रणनीतिक शैक्षणिक गठजोड़ के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा पाइपलाइन बनाने की दिशा में स्थित है। एक प्रमुख उदाहरण फ्यूचर बैंकर्स प्रोग्राम है।

# मुझे स्विमसूट और बिकिनी पहनने में बहुत शर्म आती है: दिव्यांका त्रिपाठी



बॉलीवुड हो या टीवी की एक्ट्रेसेस सभी सोशल मीडिया पर अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं, लेकिन दिव्यांका त्रिपाठी उनमें से नहीं हैं. दिव्यांका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो अपनी फोटोज शेयर करती हैं. हालांकि वह कभी अपनी बोल्ड या बिकिनी में फोटोज नहीं शेयर करती हैं. अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि आखिर क्यों वह सोशल मीडिया पर अपनी बिकिनी फोटोज शेयर नहीं करती हैं. दिव्यांका का कहना है कि वह इन सब मामले में काफी शर्मीली हैं. उनके अंदर इतना कॉन्फिडेंस नहीं है कि वह ऐसे बोल्ड आउटफिट्स पहने या उसमें फोटोज क्लिक करके सोशल मीडिया पर शेयर करें. दिव्यांका ने कहा, 'बिकिनी में फोटोज शेयर नहीं करने की यही वजह है कि मैं बहुत शर्मीली हूं. मैं स्विमसूट और बिकिनी पहनने में बहुत शर्म आती है और इसी वजह से मैंने कभी स्विमिंग नहीं सीखी. ऐसा नहीं होना चाहिए, लेकिन मैं क्या करूं मैं ऐसी ही हूं.' दिव्यांका ने आगे कहा, 'मुझे ये सब करने से पहले अपने अंदर बहुत कॉन्फिडेंस चाहिए. जो खूबसूरत लड़कियां ऐसी फोटोज शेयर करती हैं उनमें बहुत कॉन्फिडेंस है.' दिव्यांका से फिर पूछा गया कि क्या अब उनके अंदर थोड़ा कॉन्फइडेंस आया है? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'नहीं ऐसी सिचुएशन नहीं आई है. मैं अभी भी इसको लेकर अजीब फील करती हूं. मेरे शर्मीले बिहेवियर के बीछे कोई लॉजिक नहीं है.' दिव्यांका अब तक क्राइम पेट्रोल शो को होस्ट कर रही थीं. महिलाओं पर होने वाले गुनाह के ऊपर बनाई गई क्राइम पेट्रोल की खास सीरीज में दिव्यांका त्रिपाठी को बतौर होस्ट काफी पसंद किया जा रहा था. लेकिन कुछ दिनों पहले ही दिव्यांका ने इस शो की शूटिंग खत्म कर ली है. दिव्यांका ने शो की शूटिंग खत्म होने पर सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था. कुछ दिनों पहले दिव्यांका ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया था कि जब वह अपने करियर के शुरुआत में काम कर रही थीं तब उन्हें काफी टॉर्चर किया जाता था।

## अजय देवगन ने फिल्म 'गोबर' के लिए सिद्धार्थ रॉय कपूर से मिलाया हाथ

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन कॉमेडी फिल्म गोबर बनाने जा रहे हैं। अजय देवगन , सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ मिलकर फिल्म 'गोबर' बनाने जा रहे हैं। यह कॉमेडी ड्रामा जॉनर की फिल्म



है। इसे सालों से ऐड फिल्मों के निर्माण में सक्रिय रहे सबल शेखावत निर्देशित करेंगे। सबल ने इसे सम्भित मिश्रा के साथ मिलकर लिखा है।बताया जा रहा है कि 'फिल्म की कहानी 90 के दशक में सेट है। अजय देवगन ने कहा, ,' गोबर की कहानी बहुत ही अनोखी, अद्भुत, मजेदार और मनोरंजक है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगी। हमें पूरा भरोसा है कि हम जैसा चाहते हैं, यह फिल्म वैसा ही प्रभाव डालेगी। हम चाहते हैं कि दर्शक हंसें, आराम करें, थोड़ा सोचें और साथ-साथ आनंद भी लें। निर्देशक-लेखक सबल शेखावत ने कहा, 'गोबर' एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों को 90 के दशक के आकर्षक दिनों और छोटे शहर में रहनेवाले लोगों के सरल जीवन की ओर ले जाएगी। मैंने यह कहानी सच्ची घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लिखी है। मैं अजय और सिद्धार्थ जैसे दो सम्मानित निर्माताओं का आभारी हूं और खुश हूं कि उन्होंने मेरे नजरिए पर विश्वास दिखाया और कहानी को पेश करने के लिए एक सराहनीय कैनवास दिया। दोनों ही प्रोडक्शन हाउस ने बहुत बेहतरीन सिनेमा दिए हैं और मुझे उम्मीद है कि मेरा निर्देशन भी उतना ही बेहतरीन होगा। बतौर निर्देशक मैं बेहद उत्साहित हूं।

## मेकर्स ने कैसिंल की फिल्म अपने 2 की शूटिंग

इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड के कलाकार सनी देओल, धर्मेंद्र और बॉबी देओल ने अपनी अगली फिल्म अपने 2 का ऐलान किया था। साथ ही उन्होंने बताया था कि फिल्म की शूटिंग भी जल्द ही शुरू हो जाएगी। लेकिन अब जिस तरह से देश के हालात है उसको देखते हुए ये नहीं लगता है कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो पाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों ही महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने अपने राज्य में मिनी लॉकडाउन का ऐलान किया है। जिसकी वजह से टीवी और फिल्मों की शूटिंग पर पूरी तरह से पाबंदी है। कई फिल्मों की शूटिंग को पूरी तरह से रोक दिया गया है। जिसमें सलमान खान की टाइगर 3, शाहरुख खान की फिल्म पठान और प्रभास की आदि पुरुष जैसी फिल्में शामिल है। जिसकी शूटिंग को पूरी तरह से रोक दी गई है। खबर सामने आ रही है कि, अभिनेता सनी देओल और बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म अपने 2 की शूटिंग भी कैंसिल कर दी गई है।

# हेयर टाइप के हिसाब से चुनें सीरम, बाल दिखेंगे चमकदार



हम अपने बालों को स्वस्थ रखने के लिए तमाम उपाय करते हैं. खासकर गर्मियों के मौसम में बालों रूखे और बेजान नजर आते हैं. ऐसे में बालों को मॉश्चराइज रखने के लिए आप हेयर सीरम का इस्तेमाल कर सकती है. सीरम बालों के धूप की वजह से होने वाले नुकसान से बचाता है. बालों में सीरम लगाने से आपके बाल चमकदार और हेल्दी दिखते हैं. महिलाओं को उनके हेयर टाइप के हिसाब से सीरम चुनना चाहिए. हेयर सीरम आपके बालों को चमकदार बनाने के साथ ड्राइनेस और फ्रिजीनेस को भी कम करता है. हेयर सीरम सिलिकॉन बेस्ड प्रोडक्ट होता है जो बालों को हानिकारक कैमिकल और पदार्थ से बचाता है. अगर आपके सूखे और फ्रिजी हेयर है तो बालों में केस्टर, रोजवुड जैसे ऑयल का मिश्रण हो. आइए जानते हैं हेयर टाइप के हिसाब से कौन सा सीरम चुनना चाहिए.

### सूखे बालों के लिए

जरूरत से ज्यादा सूखे बालों को अधिक पोषण की आवश्यकता होती है. अच्छी बात ये है कि आजकल ऐसे सीरम मौजूद है जिसे आप रातभर बालों में लगाकर आराम से सो सकते हैं. इसके लिए आप ऑयल बेस्ड सीरम की जगह क्रीम बेस्ड सीरम लगा सकते हैं. ये बालों को मॉश्चराइज रखने में मदद करता है.

### कर्ली बालों के लिए

घुंघराले बाल बहुत ज्यादा उलझते हैं ऐसे में उनका खयाल रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. घुघराले बालों क लिए सबसे अच्छे वो सीरम हैं जिसमें मॉश्चराइजेशन के गुण बहुत अधिक होते हैं. बालों को चमकदार रखने के लिए हाइड्रेटिंग तेल जैसे जोजोबा, आर्गन और बादाम के तेल के गुणों वाला सीरम लगाएं.

### कलर वाले बालों के लिए

जिन लोगों ने बालों में कलर कराया हैं उन्हें हल्के क्रीम वाला सीरम लगना चाहिए, जिसमें सिलिकॉन के अलावा जोजोबा, आर्गन, नारियल तेल के साथ ग्रीन टी के तत्व मौजूद हों. इस तरह का सीरम कलर्ड बालों पर पूरी तरह काम करेगा.

### दो मुंहे बाल

जिन लोगों को दो मुंहे बाल यानी स्पिलट एंड्स की समस्या रहती हैं उनके बाल जरूरत से ज्यादा टूटते हैं. अगर आपके बाल में बहुत ज्यादा स्पलिट एंड्स है तो हेयर सीरम लगाने से आपको फायदा मिलेगा. लेकिन ध्यान रहें आप जो भी सीरम चुनें उसमें केराटिन की अधिक मात्रा होनी चाहिए. केराटिन स्पिलिट एंड्स की समस्या को दूर करने का काम करता है।




# सकते में दुनिया

रूस और यूक्रेन की जंग को एक माह पूरे होने को हैं। इस अवधि में रूस की यूक्रेन पर कार्रवाई में क्या हासिल हुआ इस पर लंबे समय तक बहस होती रहेगी। मगर अभी रूस और अमेरिका की दादागिरी में यूक्रेन का जो हाल हो रहा है, वह सभी के लिए सबक है, खासकर छोटे देशों के लिए। यूक्रेन आज लगभग खंडहर जैसा नजर आ रहा है। रही-सही कसर कीव पर टिकी है। मगर इस भूभाग पर कब्जा जमाने रूस कोई भी पैंतरा आजमाने को तैयार बैठा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अब परमाणु हथियारों वाली कमान को तैयार रहने का निर्देश देकर अपना इरादा साफ कर दिया है कि उन्हें अब किसी का डर नहीं। इससे दुनिया के ज्यादातर देश सकते में हैं। खासतौर से अमेरिका और यूरोपीय संघ के उन देशों की नींद उडऩा लाजिमी है जो यूक्रेन के साथ खड़े हैं और उसे रूस से मुकाबला करने के लिए हथियार दे रहे हैं। इससे अब यह खतरा पैदा हो गया है कि हालात कब क्या मोड़ ले लें और पुतिन परमाणु हमले का दांव न चल दें। रूस ने अमेरिका, पश्चिमी देशों तथा नाटो की धमकियों के बाद जिस तरह का आक्रामक रुख अख्तियार किया है, उससे खतरा और बढ़ गया है। जंग शुरू होने से पहले तक तो लग रहा था कि अगर लड़ाई छिड़ भी गई तो ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। पर रूस के धावा बोल देने के बाद पिछले पांच-छह दिन में हालात जिस तेजी से बिगड़े हैं, उसे देखते हुए कोई भी कयास लगा पाना आसान नहीं है। भले ही यूक्रेन की सैन्य ताकत रूस के मुकाबले कम हो हो, लेकिन उसका मनोबल कहीं ज्यादा बड़ा दिख रहा है। निश्चित ही यह पुतिन के लिए एक बड़ा संदेश भी है। संभव है कि परमाणु हमले की धमकी यूक्रेन को दबाव में लाने के लिए ही दी गई हो। हालांकि रूस यूक्रेन पर रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगा रहा है। लेकिन जो भी हो, परमाणु हमले की धमकी देकर रूस ने बता दिया है कि यूक्रेन को लेकर अब वह जो भी करेगा, अपनी शर्तों पर ही करेगा। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सनक का नतीजा दुनिया भुगत चुकी है। गौरतलब है कि दूसरे विश्वयुद्ध में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिरा कर दुनिया को इसके अंजाम के बारे में बता दिया था। उस तबाही की यादें आज भी रोंगटे खड़े कर देती हैं। हालांकि, अभी रूस के हमले से सिर्फ यूक्रेन पस्त है, ऐसा नहीं है। वहीं, रूस-यूक्रेन की जंग का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। कोई नहीं जानता कि आने वाले दिनों में घटनाएं क्या मोड़ ले लें। संकट इसलिए भी गहराता जा रहा है कि जंग लड़ रहे दोनों देश कच्चे तेल, गैस और गेहूं के बड़े निर्यातक हैं। यूरोप सहित कई अन्य देश भी इनसे गैस और तेल खरीदते हैं। गेहूं और निकल, एल्युमीनियम जैसी धातुओं के दाम भी पिछले पांच दशक के रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। रूस और यूक्रेन दुनिया का चौदह फीसद गेहूं पैदा करते हैं। ऐसे में महंगाई कहां जाएगी, कोई नहीं जानता। युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमराने को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि ज्यादातर देश महामारी की मार से अभी तक उबरे भी नहीं थे कि दूसरा संकट सिर पर आ गया। युद्ध और महामारी जैसी विपत्तियां मानव जीवन को कैसे तबाह कर देती हैं, यह अब छिपा नहीं रह गया है। महामारी की वजह से महंगाई और बेरोजगारी ने किसको नहीं रुलाया! अब फिर वैसे ही हालात बनते दिख रहे हैं। रोजाना नए रिकार्ड बनाता कच्चा तेल सबसे बड़ा संकट पैदा कर रहा है। कच्चा तेल महंगा होते ही सरकारें पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कदम उठाती हैं और इसका सीधा हर तरह के कारोबार से लेकर आम जीवन पर पड़ता है।

# कश्मीर फाईल सच और झूठ

**भूपेंद्र गुप्ता**

भारत में झूठ बोलने वाली शक्तियां अफवाहें फैलाने में इतनी सक्षम हो चुकी हैं कि वे बिल्कुल निकट के इतिहास पर भी अफवाहों और झूठ की धूल फेंक कर अपनी राष्ट्रीय जिम्मेवारी से बच निकलती हैं।वे उन लोगों को बदनाम करती हैं जिन्हें बाद में बदतर हालातों को सामान्य बनाने में ही अपनी सारी ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। अफवाह फैलाने वाली ये शक्तियां अगर अपने घृणित मंसूबों में सफल होती रहीं तो शायद लोकतंत्र के समाप्त होने में अधिक समय नहीं लगेगा ।आज जरूरत है कि हमने 75 साल में जिस लोकतंत्र को विश्व के सामने एक उच्च मानवीय उदाहरण की परिपक्वता के रूप में स्थापित किया है उसे हम सब मिलकर जहरीले वातावरण से बाहर निकालें।

आज 32 साल पुरानी कश्मीरी पंडितों के विस्थापन की कहानी को फिर से सुर्खियों में लाने की चेष्टा की जा रही है। फिर आधे आधे अधूरे घटनाक्रम को चित्रित कर एक फिल्म कश्मीर फाइल के माध्यम से इस दुष्प्रचार अभियान को स्थापित किया जा रहा है जिसके तथ्यों में इतनी असत्यता है कि एक सैन्य अधिकारी की पत्नी को उसके शहीद पति का झूठा चित्रण करने के कारण फिल्म निर्माता पर मुकदमा दायर करना पड़ा है। कश्मीरी पंडितों का विस्थापन और संहार एक राष्ट्रीय त्रासदी है मानवता पर एक बर्बर हमला है, लेकिन इसके दोषी कौन हैं?उनकी असलियत क्या है ?

## कश्मीर में 1989 में टीकालाल टप्लू की

हत्या से यह अनाचार शुरू हुआ ।तब केंद्र में भाजपा समर्थित वी पी सिंह सरकार थी , केंद्र में कश्मीरी गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद थे। जब भी कश्मीरी पंडितों के विस्थापन की कहानी सामने लायी जाती है, तो कुटिल बुद्धिजीवी इन तथ्यों को छुपाते हैं। वे वास्तविक घटनाओं को सामने नहीं रखते। न ही उन लोगों की चर्चा करते हैं, जो उस समय जिम्मेदारी के पदों पर बैठे हुए थे तथा कानून व्यवस्था के लिये सीधे जिम्मेदार थे।

कश्मीर में सबसे जघन्य घटना 19 जनवरी 1990 को घटित हुई थी जब कश्मीरी पंडितों पर जानबूझकर और चिन्हित कर कर के हमले किए गए थे। उन्हें मजबूर किया गया था कि वे अपना घर और घाटी छोड़ दें। जब यह घटनाएं घट रही थी तब गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद संभालने में असफल रहे और राज्यपाल जगमोहन के नेतृत्व में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। आगे जाकर यही जगमोहन भाजपा की अटल सरकार में शहरी विकास मंत्री बने। यानि जब कश्मीरी पंडितों पर हमले हुए थे ,तब जो लोग इसे रोक सकते थे ,वे या तो भाजपा समर्थित सरकार के गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद थे ,बाद में जिनकी बेटी रूबिया की रिहाई के बदले में सरेआम आतंकी छोड़े गए थे या राज्यपाल जगमोहन जो उस समय राष्ट्रपति शासन के सर्वेसर्वा थे। वे अपने आपको कश्मीर की समस्याओं के विशेषज्ञ के रूप में प्रचारित भी करते थे । सबसे सक्षम व्यक्ति होते हुये भी वे इस नरसंहार को रोकने या उस पर काबू पाने या कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने में बुरी तरह असफल हुए । कह सकते हैं कि वे उदासीन थे ।जब स्थितियां नियंत्रण से बाहर और भयावह हो गई ,तब अंततः उन्हें 26 मई 1990 को हटाना पड़ा।

दूसरी ओर मुफ्ती मुहम्मद सईद भी कश्मीर के बिगड़े हुए हालातों पर काबू पाने की बजाय, अलगाववादियों के समर्थक के रूप में उभरे। आगे जाकर इन्हीं मुफ्ती साहब के नेतृत्व में भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की गठबंधन सरकार बनी जिसमें 2015 में वे मुख्यमंत्री बने।भाजपा ने यह आज तक स्पष्ट नहीं किया है कि उसने किस मजबूरी में इस नरसंहार के जिम्मेदार तत्कालीन गृहमंत्री को अपना मुख्यमंत्री मान लिया ।उसके साथ मिलकर सरकार बनाई। क्या यह कश्मीरी पंडितों के दुःख और त्रासदी का भद्दा मजाक नहीं था ?

अगर इतिहास में झांकें तो आजादी मिलने के पहले भी 1931 में डोगरा हिन्दुओं पर कश्मीर में व्यापक रूप से



हमला हुआ था। उन्हें लूटा गया था ,उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। तब वहां डोगरा राजा हरी सिंग का राज था। उसके बाद 1947 में भी ये हमले फिर हुए तब कश्मीर की कुल आबादी में डोगरों की संख्या 15 प्रतिशत थी।जिसमें पाकिस्तानी सेना के लोग प्रमुख रूप से शामिल थे।तब राजा हरिसिंह असमंजस में थे कि वे अपनी रियासत का विलय पाकिस्तान में करें या भारत में ।

वे इस आशय का पत्र पाकिस्तान सरकार को दे भी चुके थे कि वे पाकिस्तान में शामिल होंगे किंतु उसे उन्होंने होल्ड पर रखा था। तभी पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला कर दिया। जब हमला हुआ था, उस समय तक राजा हरिसिंह भारत में विलय का मन नहीं बना पाए थे। लेकिन जब रियासत को बचा पाना उनके बूते से बाहर चला गया, तब उन्होंने भारत से सहायता की याचना की और भारत में विलय की मंशा जाहिर की। राजा हरिसिंह की सहमति मिलते ही भारत की सेना ने कश्मीर कूच किया । तब तक पाकिस्तानी सेना मिश्रित कबायली हमलावर श्रीनगर से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच चुके थे। भारत के बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तानियों को खदेड़ा और श्रीनगर पर नियंत्रण को स्थापित किया। आगे क्या हुआ यह इतिहास का वह हिस्सा है, जिसे सभी जानते हैं। कश्मीरी पंडितों पर 1990 के बाद उस समय फिर से तीखे हमले हुए,जब 7 पंडितों को संग्रामपुरा में निर्दयता से मारा गया । तब भी केंद्र में देवेगौडा की सरकार थी तथा कम्युनिस्ट पार्टी के ओर से इन्द्रजीत गुप्ता गृह मंत्री हुआ करते थे। इसके बाद देश में 2 और बड़े हमले कश्मीरी पंडितों पर 1998 से 2003 के बीच में हुए। जिनमें क्रमशः 23 और 24 पंडितों की हत्या की गयी। इन दोनों घटनाओं के समय भी अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार थी तथा लालकृष्ण आडवानी गृह मंत्री थे। ये घटनाएँ बताती हैं कि कश्मीरी पंडितों पर हुए सबसे बड़े हमले में जिसमें लगभग साढ़े तीन लाख कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए थे और लगभग 300 लोग मारे गए थे, से लेकर 2003 तक की घटना तक, जिसमें 24 पंडितों की हत्या की गयी, कश्मीर में भाजपा या उसकी समर्थित सरकारें ही निर्णायक सरकारों का हिस्सा थीं। तब इस नरसंहार के लिए कांग्रेस को क्यों जिम्मेदार बताया जा रहा है? इन नरसंहारों की जिम्मेदारी लालकृष्ण अडवाणी, अटलबिहारी बाजपेयी, मुफ्ती मुहम्मद सईद या जगमोहन की ही थी। ये वही लोग हैं, जो घटना के समय सीधे सत्ता में थे और अमन कायम करना इनकी पहली जिम्मेदारी थी। हैरानी की बात तो यह है कि जब अटलबिहारी सरकार में लालकृष्ण आडवानी गृह मंत्री थे, तब 11 जून 1999 को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग कश्मीर में इस नरसंहार की जाँच करने भेजा गया था। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ÷इसके बावजूद कि कश्मीरी पंडितों पर ज्यादतियां हुयीं हैं, यह मात्र अत्याचार ही था, इसे जनसंहार (जेनोसाइड) नहीं माना जा सकता।÷ आज कितने कश्मीरी यह बात समझने के लिये तैयार हैं कि यह निष्कर्ष टीकालाल टप्लू, जस्टिस नीलकांत गंजू, कवि सर्वानन्द कौल, एडव्होकेट प्रेमनाथ भट्ट तथा लासा कौल के बलिदान को अपमानित करने वाला निष्कर्ष है। क्या तत्कालीन भाजपा सरकार ने इन निष्कर्षों पर अपनी आपत्ति दर्ज करायी थी ? नहीं करायी ! तो क्यों ? क्या यह भी सच नहीं है कि राज्यपाल जगमोहन जिस सरकार के प्रमुख थे, उसने अधिकृत तौर पर केवल 219 पंडितों की ही हत्या को स्वीकार किया था, जबकि कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति 399 पंडितों की हत्या को मानती है।

# प्रार्थना की पुकार

यदि प्रार्थना सच्ची हो तो परमपिता परमेश्वर उस प्रार्थना को जरूर ही सुनते हैं। परमपिता परमेश्वर अत्यंत कृपालु और दयालु हैं, परंतु प्रार्थना के लिए भी हृदय का पवित्र और निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। मन का पवित्र होना, अहंकार और अभिमान से रहित होना नितांत आवश्यक है। ऐसे पवित्र-हृदय-अंतः करण से उत्पन्न हुए भाव ही प्रार्थना हैं। हृदय की पवित्रता का अर्थ है अपने आपको सांसारिक तुच्छ विषय-वासनाओं की आसक्तियों से मुक्त कर लेना। सब तरह की आसक्ति से रहित होना ही हृदय की पवित्रता है। किसी तपस्वी ने ठीक ही कहा है- सच्चे-वास्तविक जीवन को पाने की आकांक्षा उत्पन्न होना ही प्रार्थना है। हमारे भीतर हृदय में जिसकी खोज होगी, भीतर जिस चीज को पाने की प्यास होगी- तो, ही हम उस दिशा में जा सकेंगे। प्रार्थना होती है आत्म बोध से। आत्मबोध में ही परमार्थ की प्यास जगती है और तुच्छ स्वार्थी का परित्याग होता है। प्रार्थना है- परिपूर्ण समर्पण, अपने अहंकार के बोझ को अपने सिर से उतार फेंकना और उसके पावन चरणों में अपना सिर झुका देना। जो प्रभु की कृपाएं और उनका अनुग्रह चाहता है उसे चाहिए कि वह किसी से भी किसी तरह का वैर-विरोध न करे। वह सत्य बोले, वह असत्य, छल-कपट, निंदा-चोरी आदि से हमेशा दूर रहे। अपनी इंद्रियों पर हमेशा संयम रखे, किसी भी प्रकार का लोलुप-लालची न हो। वह कभी अहंकार अभिमान न करे, शत्रु-द्वेष को छोडकर मन को शुद्ध पवित्र रखें। प्रार्थना की शक्ति बहुत ही अद्भुत है। वह भगवान को भक्त का उद्धार करने के लिए अवश्य ही बाध्य कर देती है, परंतु प्रार्थना सच्ची हो, हृदय से हो। भगवान ने प्रार्थना मीरा की सुनी, बुद्ध की सुनी, उन सबकी सुनी जिन्होंने परहित के लिए उन्हें याद किया।

# भाजपा की सांस्कृतिक अधिष्ठान की जीत

**डॉ. सौरभ मालवीय**

देश के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुई विजय ने सिद्ध कर दिया है कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है। जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है, भाजपा की नीतियों का समर्थन किया है। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। यह चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ था। उनका दावा था कि राज्य की जनता उनके विकास कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः सत्ता का बागडोर सौंपेगी। उनका यह दावा सत्य सिद्ध हुआ। कारण स्पष्ट है कि भाजपा अपने चाल चरित्र, चेहरे के अनुसार निरंतर हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है। प्राचीन शहरों के नाम बदलना तथा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण इसका उदाहरण है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य जारी है। योगी सरकार राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है। चार राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में मिली विजय से भाजपा नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में अपार हर्षोल्लास है। भाजपा इस विजय रथ को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। भाजपा लगभग साढ़े तीन दशक के पश्चात पहली बार उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार में आई है। इसी प्रकार उत्तराखंड में भी पहली बार भाजपा सरकार दोहराई गई है। गोवा में तो विजयश्री की हैट्रिक लगी है। भाजपा को प्रत्येक दिशा से अपार जनसमर्थन मिला है। इस विजय ने 2024 के परिणामों को लगभग निश्चित कर दिया है। वर्ष 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 325 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। उस समय चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया था। इस बार भाजपा ने



255 सीटों पर विजय प्राप्त की है, परन्तु पिछली बार की तुलना में भाजपा को 57 सीटों की हानि हुई है। किन्तु भाजपा ने इस बार उत्तर प्रदेश में लगभग 42 प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 39.67 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ाना पार्टी नेताओं के लिए हर्ष का विषय है, परन्तु लोकसभा चुनाव में विजय का मार्ग प्रशस्त करने के लिए भाजपा को अपना जनाधार बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को लगभग 50 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस दृष्टि से देखा जाए, तो भाजपा को लोकसभा चुनाव में अपने घटे मत प्रतिशत को पुनः प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसे लगभग 28 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस बार समाजवादी पार्टी ने 32 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त किए हैं, जो भाजपा के लिए चिंता का विषय है। इस बार सपा ने 111 सीटें प्राप्त की हैं। इस प्रकार उसे 64 सीटों का लाभ हुआ है। बहुजन समाज पार्टी से भाजपा को कोई विशेष खतरा नहीं है, क्योंकि बसपा के मतदाता अच्छी तरह समझ चुके हैं कि मायावती ने उनके नाम पर केवल सत्ता प्राप्त कर उसका सुख भोगा। उन्हें दलित समाज के दुःख-सुख से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए इस बार बसपा को केवल एक ही सीट से संतोष करना पड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे 18 सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस की बात करें, तो पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी के वर्षों के कड़े प्रचार के पश्चात भी उसे केवल दो ही सीटें प्राप्त हो सकीं। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे पांच सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता भी नहीं बचा, जो उसके लिए विजय का मार्ग प्रशस्त कर सके। कांग्रेस कहीं भी मुकाबले में दिखाई नहीं देती। पिछले विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के प्रचार के पश्चात कांग्रेस केवल सात ही सीटें जीत पाई थी।

# अमेरिका और डालर की दादागिरी समाप्ति की ओर

## सूडोकु नवताल- 6018

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6017 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**सनत जैन**

**रुस-चीन और भारत होंगे शक्तिशाली देश**

**वैश्विक व्यापार संधि एवं प्रतिबंधों का नहीं होगा असर**

सारे विश्व की अर्थव्यवस्था एवं तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत है। रुस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने अमेरिका और नाटो देशों को सबसे कमजोर स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से सारी दुनिया के देशों में अमेरिका का वर्चस्व बढ़ता चला गया। अंतराष्ट्रीय संस्थाओं और डालर मुद्रा के बल पर पिछले 60 सालों में अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश बन गया था। ताकत के बल पर सारी दुनिया में अपने साम्राज्य को फैलाने के लिए 1990 में सोवियत-रुस को तोड़कर अपनी ताकत का डंका बजाने वाला अमेरिका-रुस- यूक्रेन युद्ध के बाद अपने ही जाल में फंसकर फड़फड़ा रहा है। यूक्रेन के सहारे रुस को कमजोर करने नाटो देश का सदस्य बनाकर जो मकड़जाल अमेरिका ने बुना था। उससे बाहर निकलने का रास्ता अमेरिका और नाटो संगठन के देशों का नहीं मिल रहा है। पिछले ---- दिनों में अमेरिका तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने प्रतिबंधों के माध्यमों से रुस पर नकेल कसने के जो प्रयास किये थे। वह सभी निष्फल साबित हुए है। उल्टे प्रतिबंधों के कारण दुनिया के कई बड़े देश जिनमें चीन और भारत जैसे शक्तिशाली देश भी रुस के साथ खड़े हो रहे हैं। इससे अमेरिका और नाटो संगठन हतप्रभ है। रुस के खिलाफ जो आर्थिक प्रतिबंध अमेरिका ने लगाये। उससे रुस को कुछ समय के लिए परेशानी जरुर हो रही है। वहीं अमेरिका का अस्तित्व और नाटो संगठन के बिखराव का नया खतरा पैदा हो गया है।

**चीन की कूटनीति से रुस मजबूतः** अमेरिका ने चीन को प्रतिबंध लागू करने और रुस की सहायता नहीं करने का भारी दबाव बनाया है। चीन अमेरिका के दबाव में नहीं आया। उल्टे चीन की कूटनीति से अमेरिका का संकट बढ़ता ही जा रहा है।

**इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं दवाईयांः** चीन इलेक्ट्रानिक वस्तुओं एवं दवाईयों के निर्माण में बेसिक साल्ट का सबसे बड़ा निर्यातक है। चीन ने कोरोना की आड़ लेकर लाक-डाउन लगाकर सारी दुनिया के देशों का निर्यात रोक दिया है। चीन के इस निर्णय से अमेरिका और यूरोपीय देशों का संकट बढ़ गया है। महंगाई बढ़ी है, जरुरी सामानों की कमी शुरु हो गई है।

**तेल और गैस की कमीः** प्रतिबंधों के चलते यूरोपीय देशों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रुस से लगभग 42 फीसदी गैस एवं कच्चे तेल का निर्यात यूरोपीय देशों में होता था। प्रतिबंध के कारण यूरोपीय देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। आने वाले कुछ दिनों में यूरोपीय देशों को एनर्जी संकट का सामना करना पड़ेगा। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। यूरोपीय देशों में घरों को गर्म रखने के लिए बड़ी मात्रा में रुसी प्राकृतिक गैस का उपयोग होता है। जो अब उपलब्ध नहीं हो रही है।

**डालर की दादागिरी खत्म होगीः** अमेरिका ने रुस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने के साथ डिजिटल देनदेन पर रोक लगा दी है। प्रारंभिक स्तर पर रुस को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। रुस ने झुकने के स्थान पर रुबल और व्यापार करने वाले देशों के साथ उनकी मुद्रा में लेनदेन करने तथा डिस्काउंट देने के कारण अब रुस के साथ व्यापार करने वाले देश रुबल मुद्रा में समझौते और व्यापार करने लगे है। इससे अमेरिका और डालर मुद्रा के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। भारत जो अपनी जरुरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। रुस के साथ भारत ने 25 फीसदी छूट के साथ रुबल मुद्रा में भुगतान करने का समझौता किया है। इस समझौते से भारत एवं रुस के बीच व्यापार काफी तेजी के साथ बढ़ेगा यही हाल चीन का है। ऐसी स्थिति में डालर मुद्रा को सबसे बड़ी चुनौती मिलना शुरु हो गई है।

**वैश्विक व्यापार संघि एवं भुगतान माडल पर बदलावः** अमेरिका ने जिस तरह से रुस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसकी सम्पत्तियां एंव लेनदेन को रोकने का काम किया है। उससे अमेरिका की दादागिरी को लेकर अन्य निर्गुट देशों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। एशियाई देश अपने व्यापार व्यवसाय सुरक्षा इत्यादि को देखते हुए क्षेत्रीय आधार पर स्वालम्बी बनने की दिशा में सोचने विवश हुए है।

**अपने ही जाल में फंसा अमेरिकाः** सोबियत रुस को तोड़ने के बाद पिछले 30 बर्षों में अमेरिका ने एकछत्र राज्य किया है। वैश्विक व्यापार संघि का सबसे ज्यादा लाभ अमेरिका ने उठाया।

# प्रदूषण से मौत

**सिद्धार्थ शंकर**

सेंटर फार साइंस ऐंड एनवायरनमेंट यानी सीएसई की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, बीते बीस सालों में हवा में सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 में तेज बढ़ोतरी की वजह से होने वाली मौतों की तादाद कम से कम ढाई गुना बढ़ गई है। 'भारत की पर्यावरण रिपोर्ट' में यह बताया गया है कि दुनिया भर में वायु प्रदूषण के कारण पिछले दो दशक में साठ लाख से ज्यादा से लोगों की जान गई। अकेले भारत में इस अवधि में 10.67 लाख लोग दुनिया से चले गए। विचित्र यह है कि युद्ध या अन्य प्रत्यक्ष कारणों से होने वाली मौतों की संख्या से तो दुनिया भर में परेशानी महसूस की जाती है, लेकिन प्रदूषण के चलते इतनी बड़ी तादाद में लोगों की जान चली जाती है और यह कोई ऐसी चिंता पैदा नहीं कर पा रही है, जिसके तत्काल समाधान की जरूरत महसूस की जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में वायु प्रदूषण के जोखिम से जुड़े स्वास्थ्य प्रभावों से जीवन के पहले महीने में वैश्विक स्तर पर 4 लाख 76 हजार शिशुओं की मौत हो गई। इनमें से भारत में एक लाख सोलह हजार बच्चों की जान गई। जाहिर है, प्रदूषण की वजह से होने वाली मौतों के आंकड़े भयावह हैं। इस समस्या की चपेट में आकर जान गंवाने वाले ज्यादातर लोगों की जान बचाई जा सकती थी, अगर समय रहते आबोहवा के जानलेवा स्तर पर पहुंचने से रोकने के लिए दुनिया भर में उचित उपाय किए जाते। लेकिन सच यह है कि पिछले कई दशकों से विश्व भर में इस मसले पर लगातार आयोजनों और सम्मेलनों के बावजूद प्रदूषण के असर की तस्वीर और बिगड़ती गई है। सवाल है कि इतने लंबे समय से वायु प्रदूषण के इस पहलू और कारक के एक जगजाहिर समस्या होने और इसके बारे में सब कुछ ज्ञात होने के बावजूद इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया जा सका! जबकि आए दिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण की बिगड़ती हालत और उसके समाधान को लेकर व्यापक पैमाने पर चिंता जताई जाती है। आखिर वे कौन-से कारण हैं कि कार्बन उत्सर्जन पैदा करने वाले धनी और विकसित देश हर मौके पर इस मसले पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं और समस्या की गंभीरता का ठीकरा अविकसित या विकासशील तीसरी दुनिया के देशों पर फोड़ देते हैं?

# कोई भी आवास कंम्पलीट हुये बिना गृह प्रवेश हुआ तो संबंधित की खैर नहीं: कलेक्टर

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुरैना जिले में 1035 हितग्राहियों को 28 मार्च को दिलायेंगे गृह प्रवेश




**मुरैना।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम प्रधानमंत्री की उपस्थिति में गूगल मीट के माध्यम से 28 मार्च को प्रातः 11:30 बजे किया जायेगा, जिसमें मुरैना जिले के 1 हजार 35 हितग्राहियों को गृह प्रवेश दिलाया मिलेगा। इसके साथ ही जो आवास किसी कारणवश अपूर्ण हैं, अर्थात खिड़की, दरवाजे, डेंटिंग-पेंटिंग, शौचालय बिना गृह प्रवेश दिलाया तो उस अधिकारी की खैर नहीं होगी। ये निर्देश कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने टीएल बैठक में समस्त जिला अधिकारियों एवं जनपद सीईओ को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, समस्त एसडीएम, समस्त जनपद सीईओ, समस्त जिलाधिकारी, समस्त सीएमओ एवं समस्त तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने कहा है कि अंबाह जनपद में 35, जौरा में 23, कैलारस में 183, मुरैना में 103, पहाड़गढ में 226, पोरसा में 137 और सबलगढ़ में 328 हितग्राहियों को गृह प्रवेश दिलाया जायेगा। कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि 1035 हितग्राहियों को संबंधित विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से 28 मार्च तक लाभांवित करना है, जिसमें उन हितग्राहियों को सीमांकन संबल, पीडीएस, शिक्षा, छात्रवृत्ति स्ट्रीट वेंडर, जेएसवाय, वैक्सीनेशन आयुष्मान कार्ड, पशुपालन के तहत केसीसी, एनएससी महिला बाल विकास और एससी, एसटी लोगों को मिलने वाली योजना का भी लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें, जिसकी सूची मुझे संबंधित विभाग उपलब्ध कराये। इसके अलावा एसडीएम अपने-अपने स्तर से यह सुनिश्चित करें कि संबंधित योजना का लाभ हितग्राही को मिले। प्रत्येक हितग्राही की ओर से धन्यवाद पत्र एवं गृह प्रवेश का फोटो वेबसाइट पर अपलोड हो, यह समस्त जनपद सीईओ सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक हितग्राही को चार किश्तें, शौचालय का पैसा मिल जाये, यह जनपद सीईओ सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुरैना जनपद के अंतर्गत ग्राम मितावली में होगा। इसके लिये मुरैना जनपद सीईओ नेटवर्किंग आदि का प्रबंध करें, जिससे प्रधानमंत्री के उदबोधन को सुनाया जा सके। इसके अलावा जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी प्रधानमंत्री का उदबोधन सुनाने का प्रबंध किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि आवास पोर्टल पर पूर्ण सभी नव निर्मित आवासों की जनपदवार, ग्राम पंचायतवार, हितग्राहीवार सूची बनाकर गृह प्रवेश के लिये आवश्यक तैयारी कराना सुनिश्चित करें।


## पक्का मकान बनाकर खातून बानो हुई बहुत खुश

**मुरैना।** मुरैना जिले की कैलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गुल्पुरा निवासी श्रीमती खातून बानो प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास मिशन में स्वयं का आवास बनाकर बहुत खुश है। खातून बानो ने बताया कि




इस मंहगाई के दौरा में किसी भी गरीबी परिवार के लिये आवास निर्माण करना बहुत ही मुश्किलों से भरा कार्य है। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से बहुत हद तक सहायता प्राप्त होती है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोंनो ही गरीबों के हितेषी है। इनकी सरकार में हम जैसे हजारों लोगों के पक्के आशियाना मिले है। आज हमारे सिर पर पक्की छत है। मकान बनाने के लिये 4 किश्तों में पैसा मिलता रहा। आवास निर्माण पूर्ण होने के बाद जब खातून बानो से चर्चा की गई, तब उन्होंने बताया कि हम प्रति वर्ष वारिश के पूर्व मिट्टी से बने घर की मरम्मत इसलिये करते थे कि हमारा कच्चा मकान बरसात में हमें ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाये। फिर भी अत्याधिक वर्षा होने से मिट्टी से बने घर पानी में उतर आते थे। दीवारें वह जाती थी, रात्रि जागकर गुजारना पड़ती थी। इस समस्या को दूर किया है प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ने। उन्होंने बताया कि पक्का मकान, पक्की छत बन जाने से अब सभी समस्यायें दूर हो गई है। ऐसी मंहगाई में सरकार के सहयोग से मकान बन जाना किसी तोहफे से कम नहीं है।

## बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली



**मुरैना।** होली के बाद मनाया जाने वाला रंग पंचमी का त्यौहार बाजारों में तो कहीं दिखाई नहीं दिया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रंगपंचमी की धूम रही तो वहीं मुख्यालय पर स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के साथ फूलों की वर्षा कर गुलाल अबीर लगाकर रंग पंचमी का त्यौहार मनाया और भजन कीर्तन गाए। मंगलवार की दोपहर को श्री बांके बिहारी मंदिर मैं भारी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंच कर रंग पंचमी पर भजन-कीर्तन गए एवं उत्साह के साथ फूलों की वर्षा कर ठाकुर जी के संग होली खेली। इस दौरान अबीर गुलाल भी उड़ाया गया।

# जौरा विधायक ने "विधायक कप" की विधिवत तरीके से की शुरूआत




**मुरैना।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित होने वाले विधायक कप का सोमवार को विधिवत तरीके से शुरुआत की गई। शुरुआत में मुख्य अथिति जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा ने श्रीफल तोड़कर की। इस अवसर पर जौरा के कई अधिकारी, कर्मचारियों सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। विधायक कप का आयोजन अगरोता स्थित स्टेडियम में किया जा रहा है, जो कि विगत 5 दिन चलेगा। विधायक कप में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजित विधायक कप में विधानसभा क्षेत्र के समस्त आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे, जिसमें वॉलीबॉल कबड्डी प्रतियोगिता प्रमुख है। आज विधायक कप की शुरुआत करते हुए विधायक द्वारा उपस्थित टीमों से जौरा की सरसेनी की टीम, छड़ेंह की टीम से परिचय कर किया गया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सूरज प्रताप की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आसाराम कुशवाह, सत्येंद्र सिकरवार, कार्यकर्ता गण, जिला खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह, श्याम सिकरवार, मोना गुप्ता, सोनल बंसल, अंकुश उपाध्याय, सोनू त्यागी, हेवेन्द्र सिकरवार और खेल प्रभारी रामू शर्मा उपस्थित थे।

# जिला कोषालय में देयक 25 मार्च तक ही जमा होंगे: कलेक्टर



**मुरैना।** आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल के निर्देशानुसार 26 एवं 27 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण अब वेतन को छोड़कर अन्य देयक 25 मार्च तक कोषालय में जमा किये जायेंगे। इसके पश्चात् किसी भी प्रकार के देयक कोषालय में प्रस्तुत नहीं किये जा सकेंगे। यह निर्देश कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने सोमवार को टीएल बैठक के दौरान समस्त डीडीओ को दिये। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि वेतन, वेतन एरियर, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, विद्युत देयक एवं पेंशन के देयक 25 मार्च से पहले आपत्ति में आते है तो उन देयकों को पूर्ति कराकर 25 मार्च के बाद कोषालय में जमा कर सकते है। उन्होंने कहा कि देयकों के परीक्षण एवं भुगतान में तत्परता बरती जाये तथा प्रयास किये जायें कि 30 मार्च तक प्रस्तुत किये गये देयक 30 मार्च तक ही निराकृत हो जाये, ताकि 31 मार्च को देयकों के निराकरण में आसानी हो। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को सायं 5:30 बजे से आहरण अधिकारी स्थल पर दी गई जनरेशन सुविधा उपलब्ध रहेगी, अनुमत्य देयक भी आहरण अधिकारियों द्वारा 5:30 बजे तक कोषालय में प्रस्तुत किये जाये। कोषालय में प्रस्तुत किये जा चुके देयकों में से कोई देयक अंतिम कार्य दिवस 31 मार्च के अंत में विलंब न रहे। यह समस्त डीडीओ सुनिश्चित करें।




# जुआ खेलते पकडे 05 आरोपी, 10 हजार रुपए से अधिक बरामद



**मुरैना।** मंगलवार को चिन्नौनी थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ कर उनके कब्जे से 10 हजार रुपए से अधिक की रकम बरामद की है तथा आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया निर्देशन में जुआ, सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चिन्नौनी पुलिस को मुखबिर सूचना मिली की चौकी झुण्डपुरा के अंतर्गत हीरापुर रोड पर पानी की टंकी के पास कुछ लोग ताश पत्ती के साथ रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर थाना चिन्नौनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये ताश पत्ती के साथ जुआ खेल रहे 05 लोगो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ रकम 10680 रूपये बरामद कर उनके विरूद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना चिन्नौनी के थाना प्रभारी उनि अविनाश सिंह राठौड, चौकी प्रभारी झुण्डपुरा सउनि सोवरन सिंह, आर शिवम, लवकुश, गौरव, रविमोहन, सतेन्द्र, अजीत जाट, बिजेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

# दूध में मिलावट करने वाली खाद्य सामग्री के गोदाम पर खाद विभाग टीम ने की कार्यवाही



**कैलारस।** इस समय दूध में कई तरह के जहरीले पदार्थ मिलाए जा रहे हैं और इसको लेकर खाद विभाग की टीम लगातार सेम्पलिंग की कार्रवाई कर रही है, मंगलवार को भी टीम ने शिकायत पर कार्यवाही की गई है। बताया जा रहा है कि कैलारस चौड़ा खरंजा दीनदयाल मार्ग पर निवास करने वाले दिलीप गोयल (बच्चा) का केमिकल का बड़ा कारोबार होने की सूचना पर खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही की है। गोयल के गोदाम का निरीक्षण कर निम्न खाद्य सामग्री अनुग्रहित पाई। जिसमें बिलक्रीम 2010 रिफाइंड पाम ऑयल 175 टीन, बिलक्रीम 3000 रिफाइंड 400 टीन, जुबली मास्टर सेल्फ वनस्पति 100 टीन मौके पर पाई गई है। उपरोक्त तीनों खाद्य पदार्थों के नमूना खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य अधिनियम 2006 के अंतर्गत संग्रहित किए गए हैं एवं जांच केंद्र राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को नमूने भेजे जा रहे हैं। राज्य खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में पुलिस थाना कैलारस, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल परिहार एवं रामप्रकाश सिंह तोमर एवं अन्य खाद्य टीम का कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने सुनी गई आमजन की समस्यायें

## 51 आवेदक पहुंचे अपनी समस्याओ को लेकर



**रितेश कटरे ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 22 मार्च 2022 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्रीमती आयुषी जैन ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अपनी समस्यायें लेकर आये आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र निराकरण करने के दिये । आज की जनसुनवाई में कुल 51 आवेदक अपनी समस्यायें एवं शिकायतें लेकर आये थे।

लांजी तहसील के ग्राम सिंगोला-नाका के ग्रामीण एवं किसान शिकायत लेकर आये थे कि उनके गांव में लगा 100 एचपी का ट्रांसफार्मर लोड अधिक होने के कारण बार-बार जल जाता है। जिससे घरेलू एवं खेती के उपयोग के लिए बिजली की समस्या हो जाती है। अतः उनके गांव के ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदला जाये। जनसुनवाई में वनग्राम लौगुर की संगीता बिसेन प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने के लिए भूखंड उपलब्ध कराने की मांग लेकर आयी थी। ग्राम भरवेली का पंचायत सदस्य हरिराम गराड़े शिकायत लेकर आया था कि ग्राम पंचायत भरवेली के सचिव सेवकराम खरोले द्वारा पंचायत के लिए 02 लाख 80 हजार रुपये का कचरा वाहन क्रय किया गया है। जबकि वर्तमान बाजार भाव के अनुसार इस कचरा वाहन की कीमत लगभग 01 लाख 80 हजार रुपये है। इस प्रकार सचिव द्वारा शासकीय राशि का गबन किया गया है। सचिव द्वारा पंचायत में अन्य अनियमिततायें भी की जा रही हैं, जिसकी जांच की जाये।

वारासिवनी तहसील के ग्राम उमरवाड़ा के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि उनके गांव में वर्ष 2020-21 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना बनाई गई है। लेकिन इस योजना का कार्य निम्न स्तर का है और इसमें बहुत अनियमितता की गई है, जिसके कारण गांव में पेयजल का संकट पैदा हो गया है। अतः इसकी जांच की दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाये। वारासिवनी तहसील के ग्राम बोदलकसा के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि सहायक सचिव द्वारा आवास योजना की सूची से पात्र लोगों के नाम काटकर अन्य लोगों को लाभ पहुंचाया गया है और सूची में नाम जोड़ने के लिए उसके द्वारा पैसों की मांग की जर रही है। अतः सहायक सचिव आनंदराव मरठे का अन्यत्र स्थानांतरण किया जाये। वार्ड नंबर-15 बैहर का संतोष उईके उसके पिता श्री उदलसिंह उईके की कोविड से मृत्यु हो जाने पर 08 माह पूर्व आवेदन करने के बाद भी अब तक सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया था।

## कलेक्टर ने सुनी जनसुनवाई में लोगों की समस्याये



**संदीप प्रधान पुष्पांजली टुडे**

**दतिया,** राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रति मंगलवार को जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्री संजय कुमार ने आज अधिकारियों के साथ न्यूकलेक्ट्रेट में जिले के विभिन्न अंचलों से आए लोगों की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सुना और निराकरण की कार्रवाई की ।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए

## अर्चना धाकड़ को मिली पी एच डी की उपाधि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**कैलारस** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के पद पर पदस्थ श्रीमती अर्चना धाकड़ पत्नी मनोज कुमार धाकड़ पुत्री रमेश चंद्र धाकड़ पुत्र वधु मुंशीलाल धाकड़ पंचायत सचिव को रसायन शास्त्र विषय में शोध कार्य के लिए जीवाजी विश्व विद्यालय ग्वालियर ने पी एच डी की उपाधि प्रदान की हे यह शोध कार्य श्रीमती अर्चना ने डा डी डी अग्रवाल प्रोफेसर रसायन शास्त्र अध्ययन शाला जीवाजी विश्व विद्यालय ग्वालियर के निर्देशन में पूर्ण किया उनकी इस उपलब्धि पर शोध केंद्र अध्ययन शाला जीवाजी विश्व विद्यालय एवम गुना महाविद्यालय के स्टाफ एवम समस्त स्नेहीजनों व परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



## आदिम जाति कल्याण विभाग के संयोजक परिहार व बाबू अवधेश को 80 हजार की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ने पकड़ा।

**मोनू नामदेव रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** बड़ी खबर शहर के आदिम जाति कल्याण विभाग से है। यहां आदिम जाति कल्याण विभाग के संयोजक आर एस परिहार व बाबू अवधेश शर्मा को लोकायुक्त पुलिस ने 80 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बता दें कि संयोजक व बाबू एक छात्रावास अधीक्षक से छात्रवृत्ति के लिए आने वाले रूपयों में से 20त्न की रिश्वत मांग रहे थे जिसकी शिकायत अधीक्षक ने लोकायुक्त पुलिस को की शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आर एस परिहार व बाबू अवधेश शर्मा को पकड़ा है।



जानकारी के अनुसार पोहरी में छात्रावास अधीक्षक हेमराज सहरिया ने लोकायुक्त में शिकायत की थी कि छात्रावास में हर महीने छात्रों की छात्रवृत्ति आती है यह छात्रवृत्ति प्रत्येक विद्यार्थी के हिसाब से 1380 की आती है। इस बार जो बजट आया वह करीबन ?400000 का था जिसमें संयोजक आर एस परिहार व बाबू अवधेश शर्मा द्वारा 20त्न कमीशन मांगा गया। लोकायुक्त ने बताया कि बाबू ने बताया कि पहले 10त्न कमीशन चलता था लेकिन जब पर 20त्न कमीशन की मांग की गई तो छात्रावास अधीक्षक ने मामले की शिकायत लोकायुक्त में की। लोकायुक्त पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आर एस परिहार व बाबू अवधेश शर्मा को रिश्वत के रुपयों के साथ पकड़ा है। लोकायुक्त पुलिस ने बताया कि बाबू अवधेश शर्मा संयोजक आर एस परिहार दोनों के द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी इसलिए मामले में दोनों ही आरोपित हैं ।

## सपा प्रत्याशियों का नामांकन मथुरा-एटा-मैंनपुरी सीट पर निरस्त होने के बाद भाजपा से आशीष यादव उर्फ आशु निर्विरोध चुने गए।

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

**एटा।** एमएलसी के होने बाले चुनाव में सपा के दोनों प्रत्याशियों के नामांकन एटा में निरस्त किये गये। निरस्त किये गये समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाये गये उदयवीर सिंह ढाकरे व राकेश यादव के नामांकन की जांच करके निरस्त कर दिये। रिटरनिंग ऑफिसर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र मथुरा, एटा, मैंनपुरी अंकित कुमार अग्रवाल ने नामांकन निरस्त किये जाने की सूचना से सम्बंधित लिखित पत्र जारी किया । नामाकन निरस्त होने के बाद भाजपा के दोनों प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत हो गयी, निर्विरोध जीत हासिल करने बाले भाजपा प्रत्याशी आशीष कुमार यादव आशू एटा सदर से विधायक रह चुके है, जबकि ओमप्रकाश मथुरा से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हैं। दोनों प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत के बाद भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बाकी जीत से जुड़ी आधिकारिक घोषणा 24 मार्च को होगी ।



## महीनों से बंद पड़े नवीन सामुदायिक शौचालय को नोडल प्रभारी से कराया चालू

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** नगर दबोह में स्वच्छता अभियान काफी जोर शोर से चलाया जा रहा है।इसी क्रम में नगर के वार्ड नम्बर 1 में लाखों रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ सामुदायिक शौचालय को मंगलवार को शुरू किया गया।यहां बता दें कि लगभग 2 साल पहले बनकर तैयार हुआ शौचालय निर्माण होने के बाद से ही बन्द पड़ा था।जिसको स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने साफ सफाई करा कर एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर शुरू कराया।यहां बता दें कि जबसे स्व्च्छता का जिम्मा वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा पूर्व सीएमओ एन आर खेंगर के कंधों पर दिया गया तबसे स्व्च्छता अभियान कागजो में नही बल्कि धरातल पर दिखने लगा है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज पहले कार्यपालन यंत्री महोदय ने भी दबोह का निरीक्षण किया था और सफाई को लेकर श्री खेंगर की तारीफ भी की थी।फिलहाल तो स्व्च्छता अभियान सर्वेक्षण को लेकर स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने दबोह नगर की आमजनता से स्व्च्छता के पहलू पर दबोह को नम्बर 01 लाने की अपील की है उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी व आम नागरिक स्व्च्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सभी लोग गीला कचड़ा हरे डस्टबिन में व सूखा कचड़ा नीले डस्टबिन में ही डाले एवम सुबह नगर परिषद का कचड़ा वाहन आने के बाद कचड़ा आने के बाद कचड़ा उसी में फेंकें।




## केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के पुत्र का मौं नगर में हुआ जोरदार स्वागत

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**मौं।** मंण्डल में प्रथम आगमन पर प्रलव प्रताप तोमर ( रघु भैया ) का का मौं मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। रघु भैया ने सबसे पहले पूर्व मंत्री स्वर्गीय डां राजेंद्र प्रकाश जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये उसके बाद कार्यकर्ताओं से परिचय किया। साथ ही बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब के बीच जो मुख्य दायित्व है वह है कार्यकर्ता, हमें अपनी पार्टी के दायित्यों का निर्वाहन ईमानदारी के साथ करना चाहिए। मौं मंण्डल के कार्यकर्ता बहुत ही संघर्ष शील है मैं पहली बार देव तुल्य कार्यकर्ताओ से परिचय करने आया हूँ। समर्पण निधि कार्यक्रम अभी चल रहा है उसमें आप लोग बढ़चढ़ कर भाग लें। उन्होंने निधि समर्पण कार्यक्रम पर बिशेष जोर दिया। किसी भी मोर्चे पर किसी भी कार्यक्रम में हम आपकी बात को सरकार तक पहुचाने का कार्य करेंगे, कोई ऐसा परिवार नहीं है जो हमारी योजनाओं से बंचित रहे। प्रत्येक घर परिवार में जाये और समर्पण निधि के रूप में सहयोग ले। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य की योजनाओं को जनजन तक पहुँचाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने श्री फल एंव सॉल व महात्मां ज्योतिबाफुले की तसवीर भेट की। इस कार्यक्रम में उपस्थित मर्जाद सिंह यादव, फरेन्द सिंह सिकरबार, सज्जन सिंह यादव, रामजीलाल शर्मा, जगत सिंह कुशबाह, रामख्तयार गुर्जर, सुल्तान मोर्य, राजू मिश्रा, डां बेताल गोड, सुनील गोयल, पूरन गोयल, बलवीर गोयल, सुरेश छारी, यस छारी, सोमबीर सिबहरे, राजीब जैन, आदित्य प्रताप सिंह चोहान, शयामबाबा ठाकुरनाथ, सोनू खांन, संतोष यादव, राम यादव, कोमल यादव, रामकेश गुमारा, रघुराज जितरबई, अबदेश श्रीबास गुप्ता जाटव रामनरेश कुशबाह, बेनीराम कुशबाह, मेहबूब खां, महेंद्र परिहार, रामकुमार जादोन, अमित गुर्जर, मुन्ना गुर्जर, बहेरा आदि लोग मौजूद रहे।





## प्रतिभा के धनी हर्ष तिवारी का हुआ एयर फोर्स में चयन

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** भटहर ग्राम के छोटे से ग्राम भटहर मेघा जो प्रतिभाओं की जननी मानी जाती है जहां बी जे पी से महेंद्र बागरी ने विधायक के रूप में प्रदेश स्तर पर गांव का नाम रोशन किया था वही इसी गांव के एक गरीब किसान परिवार के राम प्रताप तिवारी के लाल हर्ष तिवारी ने एयर फोर्स में चयनित होकर देश में गांव का नाम रोशन किया है, साल भर की ट्रेनिंग पीरियड के बाद घर लौटे हर्ष का पूर्व विधायक सहित पूरे क्षेत्र की सैकड़ों आमजन ने भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक महेंद्र बागरी ने बताया की विपरीत परिस्थिति में भी हर्ष ने हिम्मत न हारते हुए ये मुकाम हासिल किया है जो काबिलेतारिफ है साथ ही कहा की गांव में स्थित मढिया की माता का आशीर्वाद गांव के जन जन को तरक्की तक ले जा रहा है। देवेंद्र नगर स्थित भारतीयम विद्यापीठ से अध्यापन पूर्ण कर लगन और निष्ठा से एयर फोर्स में चयन पर हर्ष ने इसे गुरुजनों मातापिता और शुभचिंतकों का आशीर्वाद बताते हुए अध्यनरत छात्रों को कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। निज निवास भटहर मेघा में सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक महेंद्र बागरी,आशीष तिवारी,हरिशंकर शर्मा,गजेंद्र सिंह परमार,नीरज सिंह बुंदेला ,उमेश पाठक,राहुल बुंदेला, कृष्णा पाठक,रोहित द्विवेदी सहित परिजन और सैकड़ों क्षेत्रवाशी उपस्थित रहे।

# मुख्य अतिथि रविंद्रसिंह मेड़तिया खौड में भजन कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

## शिवपुरी मैं महिला क्रिकेट समर कैम्प का आयोजन 1 अप्रैल से



**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी** - जिला क्रिकेट एसोसियेशन के संकाण में महाआर्यमन क्रिकेट अकादमी एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया महिला क्रिकेट अकाडमी के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय पोलो ग्राउण्ड पर क्रिकेट समर कैंप 1 अप्रैल शाम 3~30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप में 10 वर्ष से 18 वर्ष के खिलाड़ियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैम्प के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जी.डी.सी.ए. की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने का मौका दिया जायेगा। उक्त जानकारी ऐसोसियेशन के अध्यक्ष श्री संजय सांखला ने देते हुए बताया है कि समर कैंप के रजिस्ट्रेशन हेतु 27 मार्च तक उमेश शर्मा एवं संजय चौहान से सम्पर्क करे।

## एक होली ऐसी भी प्रदेश भर में हो रही अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया की इस अनोखी पहल की तारीफ





**केशब प्रसाद शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** शनिवार को एसडीएम राजीव समाधिया के बंगले पर बाल रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो साल के कोरोना काल में परम्पंरागत हौली त्योहार में जो कमी देखी गई उसे बडे उत्साह के साथ बडे व बच्चो के साथ खेलने में अम्बाह से आए बच्चों व बडो के साथ अपने परिवार सहित होली खेली। श्री समाधिया ने सर्वप्रथम अपने परिवार के साथ सभी बच्चों पर पुष्प वर्षा की और रंग बिरंगा गुलाल लगाया। बच्चों ने झूला भी झूला और डीजे पर डांस भी किया। इसके साथ ही बच्चों ने पोपकॉर्न, आइसक्रीम व मिठाई भी खाई कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को और उनके परिवार को मिठाई खिलाकर होली की संस्कृति हमेशा से चली आरही है उसको को बढावा देने के बारे में बिस्तार से बताया उन्हौने कहा इस होली के त्यौहार की परम्परा मे हम अपने बच्चो को जरूर शामिल करे और हमेशा भाग लेने शिक्षा दे जिससे यह त्यौहार की परम्परा जारी रहै इस अवसर पर एसडीएम राजीव समाधिया ने कहा कि महामारी ने अम्बाह शहर में जिन परिबारी जनो के परिजनो को इनसे भले ही छीन लिए हों। लेकिन शासन और प्रशासन इनके अभिभावक की भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा

## कल्याणपुरा में पीर बाबा माताजी एवं भैरू बाबा का मेले मे उमड़ा आस्था का सैलाब

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

राजस्थान रानी पाली। खौड के निकटवर्ती कल्याणपुरा में गांव मे पीर बाबा माताजी व भैरू बाबा का मेले के आयोजित हुआ। मेले में भामाशाहओ ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बढ़ चढ़कर चढ़ावे लिए। मेले में मुख्य अतिथि रविंद्रसिंह मेड़तिया , विशिष्ट अतिथि रानी पूर्व प्रधान पाबूसिंह राणावत ,सुरेंद्रसिंह मेड़तिया खौड ने शिरकत की। विशाल भजन संध्या में लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें गायक कलाकार आशाराम सेजु एंड पार्टी नाडोल एवं गायक मादुराम मीणा खौड ने भजनों की प्रस्तुति दी। गायक आशाराम सेजु ने बाबा रामदेव जी के जीवन के बारे में अपनी सुरीली आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी एवं गायक मादुराम मीणा खौड ने थारी ने पावडिए नम तो आऊ रे भूरिया बाबा भजन की प्रस्तुति दी डांसर दोलाराम सीरवी दोलपुरा व रंगीली उदयपुर ने बाबा रामदेव एवं जगदंबा का रूप कर नृत्य के साथ एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर देर रात तक दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे मंच संचालक जसाराम मेघवाल खौड ने किया।



## भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक हुई सम्पन्न

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़** - कार्यकारिणी की बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय टीकमगढ़ में संपन्न हुई बैठक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को लेकर विधानसभा प्रभारी एवं मंडल प्रभारियों को बनाया गया के संबंध में सभी कार्यकर्ताओं को बताया गया और वहीं पर विधानसभा प्रभारी मंडल प्रभारी प्रभारी बनाए गए बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री अमित नुना जी एवं अजा मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश अहिरवार द्वारा टीकमगढ़ विधानसभा प्रभारीयों की नियुक्ति की गयी एवं साथ ही होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिला अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी एवं कार्यकारिणी का गठन हुआ अमित नुना जी एवं मुकेश अहिरवार जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का काम हर एक भूत तक पहुंचे आज की बैठक में उपस्थित थे भारतीय जनता पार्टी के सम्माननीय जिला अध्यक्ष श्री अमित नुना जी भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश अहिरवार जी जिला महामंत्री कमलेश अहिरवार जी,विनोद वंशकार जी जिला उपाध्यक्ष उमेश राकेश वाल्मीकि सचिन खटीक अयोध्या चढ़ार जिला मंत्री राकेश अहिरवार जी सुरेंद्र प्रजापति रविदास अहिरवार आनंद जरेले बाबूलाल चढ़ार कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम अहिरवार ,उषा अहिरवार मीडिया प्रभारी राजेश बंशकार उमाशंकर चढ़ार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## उज्ज्वल श्रीवास्तव के कंधों पर लांजी एवं बैहर युवा मोर्चा के विधानसभा का प्रभार

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट** । छात्र राजनीति से उभर कर सामने आए युवा नेता उज्ज्वल श्रीवास्तव को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिती सदस्य एवं पूर्व नप उपाध्यक्ष लांजी को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा नया दायित्व सौंपते हुये लांजी एवं बैहर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बतादे कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार प्रदेश महामंत्री भाजपा, एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के अनुमोदन पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सोहागपूरे द्वारा युवा मोर्चा के विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की है। जिसमें उज्जवल श्रीवास्तव को लांजी एवं बैहर युवा मोर्चा विधानसभा का प्रभार सौंपा गया है। बतादे कि लांजी एवं बैहर में युवा मोर्चा के 9 मण्डल है जिनमें उज्जवल श्रीवास्तव के द्वारा पार्टी गतिविधियों का विस्तार, आगामी चुनाव सहित युवाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने का कार्य उज्जवल श्रीवास्तव करेंगे। उज्ज्वल श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि भाजपा एवं भाजयुमो के वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा जो मुझे लांजी एवं बैहर युवा मोर्चा विधानसभा का प्रभारी सौंपा गया है उसके लिये शिर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ एवं उनके द्वारा दी गई जवाबदारियो को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा संगठन की गतिविधियो मे पूर्ण सहभागिता निभाऊंगा।



## होली महोत्सव में गैर मंडल नई ढाणी को 11 हजार रूपये पुरूस्कार देकर किया सम्मान



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** — सोजत रोड़ स्थित पिपलाज गांव मे होली महोत्सव बडी धूम-धाम से मनाया ।इस कार्यक्रम मे आस- पास के कई गांवो से गैरीयों ने अपनी पारम्परिक वेशभूषा धारण कर चंग की थाप पर नृत्य किया।जिसमें नई ढाणी गैरियो ने बेहतरीन नृत्य किया ।विधायक शौभा के उपस्थिति में नई ढाणी गैर मंडल को 11 हजार रूपये राशि पुरूस्कार देकर सम्मानित किया । नई ढाणी की गैर मंडल ने पहली बार पिपलाज होली महोत्सव मे भाग लिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष मोहनलाल उपाध्यक्ष नेमाराम सेणचा सचिव पन्नालाल सेणचा सोजत सिटी विधायक शौभा चौहान,नई ढाणी गैर मंडल के सदस्य भंवरलाल आगलेचा, राजू सोंलकी, जोगाराम सेंणचा, हरिराम आगलेचा, दलाराम सेंणचा, ढगलाराम सेंणचा,भंवरलाल सेंणचा,नेमाराम सेंणचा, ढगलाराम सोयल, वेनाराम काग,उदाराम सेंणचा, पारसमल आगलेचा,रोहित आगलेचा, रामलाल आगलेचा लक्ष्मण देवासी ,हीराराम देवासी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे

## 12-14 वर्ष के बालक-बालिकाओं को कोविड-19 वैक्सीनेशन का आज से होगा शुभारंभ

**मोनू नामदेव शिवपुरी**
**9993931230**

**शिवपुरी।** 22 मार्च 2022/ शासन के निर्देशानुसार 12 से 14 वर्ष आयुवर्ग के बालक- बालिकाओं का कोविड-19 वैक्सीनेशन 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर ने बताया कि 23 मार्च को जिले में 12 से 14 वर्ष के बच्चों की वैक्सीनेशन के लिए 263 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए है। जिसमें बदरवास में 25, करैरा में 28, खनियांधाना में 33, कोलारस में 30, नरवर में 22, पिछोर में 30, पोहरी में 25, सतनवाड़ा में 30, शहरी शिवपुरी में 40 केंद्र बनाये गये हैं। कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वर्ष 2008 एवं 2009 में जन्में समस्त बालक अथवा बालिकाएं पात्र होंगे। वर्ष 2010 में जन्में केवल वह बालक/बालिकाये कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु पात्र होंगे जिन्होने 12 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अर्थात अपना 12वॉ जन्मदिवस मना चुके है। 12 से 14 आयुवर्ग के समस्त बालक-बालिकाओं के वैक्सीनेशन हेतु केवल कोर्बिवैक्स वैक्सीन का उपयोग किया जाएगा। 12-14 वर्ष आयुवर्ग के बालक-बालिकाओं के वैक्सीनेशन हेतु पंजीयन प्रक्रिया कोविन पोर्टल पर ऑनलाईन उपलब्ध रहेगी जिसके लिये पूर्व में पंजीकृत मोबाईल नम्बर अथवा नये मोबाईल नम्बर का उपयोग कर पंजीयन किया जा सकता है। साथ ही ऑनसाईट पंजीयन की सुविधा भी सत्र स्थल पर होगी। राज्य शासन द्वारा 12-14 उम्र के 77464 बालक-बालिकाओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है। जिले में 23 मार्च को प्रथम दिवस पर 25000 का लक्ष्य व 24 मार्च को 21000 बच्चों को टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

# प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता: सांसद

## सांसद श्री शर्मा ने खेल महोत्सव कार्यालय का किया शुभारंभ

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और उन्हें खेल मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद ट्रॉफी खेल महोत्सव वर्ष 2022 का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रतिभाओं को तराशकर आगे बढ़ाने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सांसद ट्रॉफी खेल महोत्सव के जरिए क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को खेल में भविष्य बनाने के लिए मौका उपलब्ध कराया गया है। 28 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सांसद ट्राफी में खिलाड़ी पंजीयन के बाद शामिल होकर हुनर प्रदर्शन कर सकते हैं। सांसद श्री शर्मा ने नई दिल्ली से खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय पन्ना के सांसद सुविधा केन्द्र में खेल महोत्सव कार्यालय का वर्चुअली शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विगत कई वर्षों से खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खिलाड़ियों को उचित व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके फलस्वरूप ही भारत के खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया है। खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी, एथलेटिक, मलखंब, कुश्ती और फुटबॉल जैसे खेलों में सहभागिता का मौका मिलेगा। सांसद ट्रॉफी के लिए जिला, विधानसभा और मंडलवार खेल महोत्सव समितियों का गठन किया गया है।

सांसद श्री शर्मा ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 28 मार्च को कटनी में सांसद ट्रॉफी का शुभारंभ करेंगे। खेल महोत्सव का समापन स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में आगामी 2 अप्रैल को केन्द्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर और प्रदेश की खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में होगा। उन्होंने कहा कि खेल से मित्रवत टीम भावना विकसित होने के साथ ही ये शारीरिक मजबूती और मानसिक स्वास्थ्य को विकसित करने में भी मददगार होते हैं। सभी खिलाड़ियों से खेल महोत्सव में सहभागी बनने की अपील भी की। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में खेल से जुड़ना और जोड़ना दोनों जरूरी है। इससे शारीरिक रूप से विकास के साथ-साथ खेल भावना का विकास भी होता है। खेल से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक कप टूर्नामेंट के सफल आयोजन की भांति ही सांसद ट्रॉफी में भी सभी सहभागी बनें। पवई विधायक श्री प्रह्लाद लोधी ने खेल प्रतिभा के निखार के लिए इस तरह के प्रयास को जरूरी बताया। कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन का वास होता है। खेलों से जुड़ाव जरूरी है। खेल में टीम की हार-जीत मायने नहीं रखती बल्कि खेल भावना का महत्व होता है। उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सभी उचित व्यवस्थाओं और जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। श्रवण मिश्रा ने आयोजन की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, श्री विवेक मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य और पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुशील त्रिपाठी और आभार प्रदर्शन श्री राजेश वर्मा द्वारा किया गया।



### फीता काटकर कण्ट्रोल रूम का किया शुभारंभ

कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों द्वारा फीता काटकर खेल महोत्सव के कण्ट्रोल रूम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खेल महोत्सव के पोस्टर-पम्फलेट और टी शर्ट की लांचिंग भी की गई।

# सफाई व्यवस्था को लेकर सतर्क नहीं हुए तो बदल दूंगा सभी कर्मचारी: निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर दिनांक 22 मार्च 2022- नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि सफाई व्यवस्था को लेकर सतर्क नहीं हुए तो वह सभी अधिकारी व कर्मचारी बदलने में देर नहीं लगाएंगे।

निगमायुक्त श्री कन्याल वार्ड 38 में राजा गैस गोदाम एवं अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे जहां कई क्षेत्रों में गंदगी पाई गई तथा एक डेयरी संचालक द्वारा गंदगी फैलाई जा रही थी जिसको लेकर उसकी डेरी सील कर जुर्माने की कार्यवाही की और क्षेत्र में गंदगी को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट ताकीद दी कि यदि अब भी नहीं सुधरे तो वह कर्मचारी बदलने में देर नहीं लगाएंगे इसलिए सभी कर्मचारी व अधिकारी अपना अपना कार्य ईमानदारी से करें और स्वच्छ ग्वालियर मिशन को साकार बनाएं।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने मेला ग्राउंड के पास सूर्य नमस्कार प्रतिमा से होते हुए आकाशवाणी, मोतीमहल, बैजा ताल ,फूल बाग, महाराज वाडा आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सूर्य नमस्कार प्रतिमा के पास एक चाय के ठेले वाले द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रिंट की गई दीवाल पर ही अपनी दुकान का प्रचार लिख दिया जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उसे साफ कराया गया और संबंधित के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई।

वहीं मोतीमहल क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए जलविहार के पीछे एवं संभागीय आर्ट एंड कल्चर के सामने वाले मैदान पर फूड जोन बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नर्सरी में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल को दिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कई क्षेत्रों में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## निगम संग्रहालय के लिए श्री हुसैन ने निगमायुक्त को सौंपी सौ साल पुरानी तलवार, निगमायुक्त ने दिया धन्यवाद



ग्वालियर। लगभग सौ वर्ष पूर्व सेना में उपयोग होने वाले हथियारों में प्रमुख हथियार तलवार (क्रीच) आज मंगलवार को ग्वालियर के मामा के बाजार में रहने वाले श्री जाकिर हुसैन ने नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को सौंपी। सौ साल पुरानी इस ऐतिहासिक तलवार को पाकर नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने नगर निगम की ओर से श्री जाकिर हुसैन का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि यह स्टेट टाइम की करीब 100 साल पुरानी ऐतिहासिक तलवार (क्रीच) श्री जाकिर हुसैन के पिताजी की है जो कि स्टेट समय मे फौज में भर्ती रहे थे। श्री हुसैन द्वारा यह तलवार (क्रीच) आज मंगलवार को नगर निगम के संग्रहालय में प्रर्दशन हेतु रखने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को सौंपी।

## संक्षिप्त समाचार

### शाला त्यागी बच्चों को 'आ लौट चलें' योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की

**परीक्षा दिलाने के लिए 24 मार्च तक कराएँ पंजीयन**

ग्वालियर। जो विद्यार्थी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण किये बगैर शाला त्यागी हो चुके हैं, ऐसे सभी विद्यार्थियों को ''आ लौट चलें÷ योजनांतर्गत राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित कराने हेतु विद्यार्थियों के चिन्हांकन एवं उन्हें अभिप्रेरित किया जाएगा। इसके लिए शासकीय शाला से शाला त्यागी हुए विद्यार्थियों के पंजीयन के लिए विगत तीन वर्षों में शासकीय शाला से शाला त्यागी हुए विद्यार्थियों का पंजीयन 24 मार्च 2022 तक कराए जाने के निर्देश अपर संचालक समग्र शिक्षा अभियान द्वारा दिए गए है। कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए ऐसे छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं बोर्ड परीक्षा अनुत्तीर्ण हुए हो अथवा कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने के उपरांत शाला त्यागी हो गये हों। ऐसे सभी विद्यार्थियों के पास माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल का नामांकन क्रमांक आवंटित होना आवश्यक है। कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए ऐसे छात्र पात्र होंगे जो माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा अनुत्तीर्ण हुए हो अथवा कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने के उपरांत शाला त्यागी गये हों। विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल म प्र. में कक्षा 10वीं अथवा 12वीं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम ही लागू होगा। परीक्षा आवेदन एम.पी.ऑनलाईन www.mponline.gov.in पर करना है। श्रेणी में आने वाले किसी भी छात्र से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। शुल्क की प्रतिपूर्ति समग्र शिक्षा अभियान द्वारा की जाएगी । कियोस्क की शुल्क विद्यार्थी को स्वयं वहन करनी होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक शाला में इसके लिए एक नोडल शिक्षक बनाएं जो इस कार्यवाही को सुनिश्चित करें। यदि इन विद्यार्थियों के पास पुस्तकें न हो तो शाला में उपलब्ध पुस्तकें / बुक बैंक की पुस्तकें विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पात्र छात्रों का अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने के लिए सभी संबंधितों को निर्देशित किया है।

### संविदा परामर्श दाता एवं लैब टैक्नीशियन के साक्षात्कार 23 व 24 मार्च को

ग्वालियर। मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के आदेश के परिपालन में संविदा परामर्श दाता एवं लैब टैक्नीशियन की भर्ती प्रक्रिया हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। आवेदनों में निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों का साक्षात्कार 23 एवं 24 मार्च को प्रातः 11 बजे से नवीन जिला पंचायत भवन ग्वालियर में आयोजित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया है कि निर्धारित योग्यता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को समस्त मूल दस्तावेज सहित साक्षात्कार हेतु 23 व 24 मार्च को जिला पंचायत कार्यालय में बुलाया गया है।

# हनुमान जी के मन्दिर को तोड़े जाने पर हिन्दू समाज में भारी रोष





ग्वाल्यिर। नगर निगम द्वारा सायं 05:00 बजे नगर निगम द्वारा जे.सी.बी. से सागर ताल दादा बाडी स्थित प्राचिन मंदिर को तोडा गया उस समय हिन्दू समाज के कुछ नव युवक एवं विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जब तोड फोड रोकी गई तो प्रशासनिक ल्रेगो का यह कहना था कि 14 मीटर सडक से हमें रोड चोडी करने के ल्यि आदेश ऊपर से दिये गये है। और जब वहा पर हिन्दू समाज ने यह मॉग की आगे तक चौडीकरण का कार्य पूर्ण मार्ग पर समान रूप से है तब एस.डी.एम. प्रदीप तोमर ने कहा कि आज से आदेश 11 मीटर का रोड चोडा करने की अनुमति प्रदान की गई है। इस पुरे प्रकरण में स्पष्टता मार्ग में आगे आने वाल्री मजार को सुरक्षित रखने के ल्यि एक वर्ग विशेष को संतुश्ट करने के ल्यि स्थानीय विधायक वर्तमान में म0प्र0 शासन के मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर का रवाईया हिन्दू समाज के विरोध में रहा। जब हिन्दू समाज के नव युवक तोडे गये मंदिर के स्थान पर शांति प्रिय ढग से हनुमान चाल्सिा का पाठ कर रहे थे। तब सी.एस.पी. नागेन्द्र सिंह सिकरवार वहा पहुंचे ओर उन सब ल्रेगो से अभद्र भाषा का प्रयोग किया ओर ढक्का मुक्की की ओर हिन्दू समाज का प्रतिक भगवा ध्वज अपने हाथ से निकाल्कर फेंक्र दिया। इस घटना के विरोध में हिन्दू समाज के द्वारा बहोडापुर थाने में सी.एस.पी. नागेन्द्र सिंह सिकरवार एव मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के विरोध एफ.आई.आर. करने के ल्यि आवेदन दिया गया। यदि इस विशय में निश्पक्ष रूप से शासन द्वारा कार्यवाही नही की गई तो भविश्य में हिन्दू समाज आंदोल्न करेगा। विहिप प्रांत मंत्री पप्पू वर्मा ने चेतावनी दी की शासन निश्पक्ष रूप से मंदिर ओर मजारो को एक दृष्टी को देखते हुये समान कार्यवाही करें ओर जितना मंदिर टूटा है। उतनी ही सडक का चोडीकरण किया जाये। यदि द्ववेश पूर्ण कार्यवाही शासन करता है तो विहिप बजरंग दल हिन्दू समाज के साथ संर्घश करने को प्रति बाध्य हो आन्दोल्न में हिन्दू समाज एवं विहिप बजरंग दल के सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आमनागरिकों के पास जाकर अधिक से अधिक लोगों से दर्ज करायें ऑनलाइन फीडबैकः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने निगम के कम्प्यूटर ऑपरेटर, रोको टोको टीम के सदस्यों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि इस बार हमें स्वच्छता में अव्वल आना है इसके लिये सभी सफाई कर्मी तो कार्य कर रहे हैं परंतु आपका सहयोग भी जरूरी है। इसके लिये आप आमनागरिकों के पास जाकर शहर की स्वच्छता को लेकर ऑनलाइन फीडबैक करायें जिससे हमें स्वच्छता में अच्छे नम्बर प्राप्त होगें। इसके लिये निगम की आईईसी की टीम भी लोगों को ऑनलाइन फीडबैक के लिये प्रेरित कर रही है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि हमें हर हाल में 2 लाख लोगों का फीड बैक दर्ज कराना है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिये आज मंगलवार को बालभवन के मैदान में निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वचछता सामाग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिख रहा है कि ग्वालियर बदल रहा है और हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर हो रहा है इसके लिए आप सभी का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि परीक्षा की घडी अभी शुरु हुई है तथा हमें इसे अंजाम तक पंहुचाना है। इसके साथ ही आप सभी को घर घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता का ऑनलाइन फीडबैक देने के लिए भी प्रेरित करना है जिसका लाभ हमें स्वच्छता रैंकिग में मिलेगा। एक सामाजिक संस्था द्वारा बालभवन के मैदान में बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही थी। वहां पहुंचकर निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी बच्चों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी और बच्चों को बजाने वाली सीटी वितरित की।






## ग्वालियर बदल रहा है... इसकी शुरुआत हो निगम के कार्यालयों व जनमित्र केन्द्रों सेः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजनता को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर निगम के कार्यालयों व जनमित्र केन्द्रों पर जहां आम जनता की आवाजाही रहती है वहां सभी आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए तथा हमारी टैग लाइन ग्वालियर बदल रहा है... की शुरुआत निगम के कार्यालयों व जनमित्र केन्द्रों से होनी चाहिए, यहां आने वाले नागरिकों को लगना चाहिए कि हां अब ग्वालियर बदल रहा है और वह भी इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित हों। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने मंगलवार को सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम के जनमित्र केन्द्रों व क्षेत्रीय कार्यालयों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि सभी जनमित्र केंद्रों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो तथा सभी संबंधित कर्मचारियों के पद व मोबाइल नम्बर लिखें हों जिससे यहां आने वाले नागरिक कर्मचारी न मिलने







आज हमारे पौत्र (नाती) आदित्य पटसारिया की प्रथम बर्ष गॉठ पर सभी मित्र रिस्तेदारो के आर्शीबाद के लिये दौनो हाथ जोडकर निबेदन करता हू उसके उज्जबल भबिष्य के लिये आर्शीबाद प्रदान करें



केशब प्रसाद शर्मा चम्बल ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478